मेरे श्याम प्रभु तेरा हर काम अनोखा है

मेरे श्याम प्रभु तेरा हर काम अनोखा है

धन दोलत सब देते तूने शीश का दान दिया
बालक पन में तुमने प्रभु अजब ये काम किया
तेरा दान अनोखा है
मेरे श्याम प्रभु तेरा हर काम अनोखा है

जीते संग सब रेहते तुम हारे के साथी
तेरे साथ से हारो की बाजी है बदल जाती
तेरा साथ अनोखा है
मेरे श्याम प्रभु तेरा हर काम अनोखा है

तरकश को भरे दुनिया तूने तीन ही बाण रखे
इन बानो से भगतो के प्रभु दुखड़े तुमने हरे
तेरा बाण अनोखा है
मेरे श्याम प्रभु तेरा हर काम अनोखा है

श्री कृष्ण ने खुद तुमको श्री श्याम का नाम दिया
कहे पुष्प किशन सबका इस नाम ने काम किया
तेरा नाम अनोखा है
मेरे श्याम प्रभु तेरा हर काम अनोखा है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21103/title/mere-shyam-prabhu-tera-har-kam-anokha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |